भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1546
बुधवार, 4 मार्च, 2020/14 फाल्गुन, 1941 (शक)

युवाओं को रोजगार की स्थिति

1546. श्री पि॰ भट्टाचार्यः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में युवाओं को रोजगार प्रदान करने की स्थिति क्या रही है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान गैर-सरकारी क्षेत्र में कितनी नौकरियों का सृजन किया गया है; और
(ग) इस अवधि के दौरान सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरी से निकाले गए लोगों की संख्या कितनी है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (सार्वजनिक तथा निजी सहित) का सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात नीचे दिया गया हैः

कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)	
सर्वेक्षण के वर्ष	अखिल भारत
2017-18 (पीएलएफएस)	**46.8**
श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण	
2015-16	**50.5**
2013-14	**53.7**

(टिप्पणीः पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

(ग): सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में नौकरी से निकाले गए व्यक्तियों की वर्ष-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 04.03.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1546 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2017 से 2019 (जनवरी से अक्तूबर) (अनंतिम) तक ले-ऑफ और निकाले गए कामगारों को प्रभावित करने वाली इकाइयों की क्षेत्र-वार संख्या

वर्ष/अवधि	राज्य/केंद्र क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र		सहकारी क्षेत्र		संयुक्त क्षेत्र		निजी क्षेत्र		योग	
		इकाइयों की संख्या	प्रभावित कामगारों की संख्या	इकाइयों की संख्या	प्रभावित कामगारों की संख्या	इकाइयों की संख्या	प्रभावित कामगारों की संख्या	इकाइयों की संख्या	प्रभावित कामगारों की संख्या	इकाइयों की संख्या	प्रभावित कामगारों की संख्या
2017 (अनंतिम)	राज्य क्षेत्र	3	1134	2	243	-	-	33	5072	38	6449
	केंद्रीय क्षेत्र	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)
	सकल योग	3	1134	2	243	-	-	33	5072	38	6449
2018 (अनंतिम)	राज्य क्षेत्र	2	911	3	390	-	-	16	2360	21	3661
	केंद्रीय क्षेत्र	(1)	(27)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(1)	(27)
	सकल योग	3	938	3	390	-	-	16	2360	22	3688
2019 (अनंतिम)	राज्य क्षेत्र	2	911	2	183	-	-	15	2284	19	3378
	केंद्रीय क्षेत्र	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)
	सकल योग	2	911	2	183	-	-	15	2284	19	3378

स्रोतः श्रम ब्यूरो

टिप्पणी: 1.यह विवरण 26 नवम्बर, 2019 तक ब्यूरो में प्राप्त विवरणियों/सूचना पर आधारित है।

2. कोष्ठकों के भीतर दी गई सूचना केंद्रीय क्षेत्र से संबंधित है।

3. '-' शून्य जानकारी को दर्शाता है।